निजी इक्विटी व वीसी निवेश बढ़ा

जुलाई में सालाना आधार पर 3% बढ़कर 4.1 अरब डॉलर हुआ

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई, 01 सितम्बर. भारत में निजी इक्विटी (पीई) और उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों का निवेश जुलाई में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 4.1 अरब डॉलर हो गया. सलाहकार कंपनी ईवाई और उद्योग संगठन आईवीसीए की सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई.

जुलाई, 2025 में चार अरब डॉलर का निवेश हुआ था. जुलाई, 2026 में निवेश जून के 2.7 अरब डॉलर की तुलना में 52 प्रतिशत अधिक रहा. इसमें कहा गया कि जुलाई, 2026 में सौदों की संख्या 111 रही, जो जुलाई, 2025 के 119 सौदों की तुलना में सात प्रतिशत कम है. इससे सौदे के आकार में वृद्धि का संकेत मिलता है. जुलाई में हुए सौदों की संख्या जून, 2026 के 80 सौदों से काफी अधिक रही.

PE/VC निवेश के प्रमुख आंकड़े

सूचकांक	जुलाई 2026	जुलाई 2025	बदलाव
कुल PE/VC निवेश	4.1 अरब डॉलर	4.0 अरब डॉलर	+3%
सौदों की संख्या	111	119	-7%
बड़े सौदे	10	—	—
बड़े सौदों का कुल मूल्य	2.8 अरब डॉलर	—	कुल निवेश का 68%
निकासी सौदे	17	26	—
निकासी का कुल मूल्य	1.6 अरब डॉलर	9.2 अरब डॉलर	—
फंड जुटाना	2.5 अरब डॉलर	1.5 अरब डॉलर	+67%

इस तरह रहा क्षेत्रवार निवेश

क्षेत्र	जुलाई 2026 निवेश
बुनियादी ढांचा	1.5 अरब डॉलर
वित्तीय सेवाएं	64.9 करोड़ डॉलर
खाद्य एवं कृषि	33.5 करोड़ डॉलर
स्टार्टअप कंपनियां	80.5 करोड़ डॉलर

> जुलाई, 2026 में पीई/वीसी गतिविधियों में खरीद सौदों से जुड़े निवेश की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही. इस श्रेणी में 1.4 अरब डॉलर का निवेश किया गया जो जुलाई, 2025 में किए गए 51.1 करोड़ डॉलर के निवेश से 176 प्रतिशत अधिक है. इसके बाद ऋण निवेश का स्थान रहा जिसमें 88 करोड़ डॉलर से अधिक का निवेश हुआ.

सौदों की गतिविधियां और तेज होने की उम्मीद- भारत की व्यापक आर्थिक बुनियाद निवेश गतिविधियों के लिए अनुकूल बनी हुई है. पीई/वीसी (निजी इक्विटी एवं उद्यम पूंजी) कोष के पास बड़ी मात्रा में निवेश योग्य धन उपलब्ध होने से भू-राजनीतिक परिस्थितियों के स्थिर होने के साथ सौदों की गतिविधियां और तेज होने की उम्मीद है. जुलाई, 2026 में 10 बड़े सौदे हुए जिनका कुल मूल्य 2.8 अरब डॉलर रहा. यह कुल निवेश गतिविधियों का करीब 68 प्रतिशत था. इसमें ब्रुकफील्ड का लुमारा में 60 करोड़ डॉलर का निवेश सबसे बड़ा रहा.

बिना इंटरनेट होगा यूपीआई भुगतान

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 01 सितम्बर. डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे ने सोमवार को 'फोनपे यूपीआई 123पे' सेवा शुरू करने की घोषणा की, जिसके जरिए फीचर फोन उपयोगकर्ता भी इंटरनेट कनेक्शन के बगैर यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे. कंपनी ने दावा किया कि इस सेवा के साथ वह फीचर फोन उपयोगकर्ताओं को यूपीआई भुगतान की सुविधा देने वाली पहली प्रमुख टीपीएपी कंपनी बन गई है. इस समय देश में 20 करोड़ से अधिक फीचर फोन उपयोगकर्ता होने का अनुमान है.

बढ़ेगी भारत की चिप की ताकत

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 1 सितंबर. सरकार ने सोमवार को सेमीकॉन 2.0 योजना को अधिसूचित कर दिया. इस योजना के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. इसका उद्देश्य भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग और डिजाइन इकोसिस्टम को मजबूत करना और उसका विस्तार करना है.

सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, योजना के तहत चिप उद्योग की पूरी वैल्यू चेन में वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है. इसमें सेमीकंडक्टर डिजाइन से लेकर निर्माण, असेंबली, पैकेजिंग और टेस्टिंग तक के अलग-अलग क्षेत्र शामिल हैं.

6 हिस्सों में बांटी योजना- सेमीकॉन 2.0 को छह अलग-अलग सेगमेंट में संरचित किया गया है. इनमें भारतीय कंपनियों द्वारा सेमीकंडक्टर डिजाइन, चिप निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कैपिटल इक्विपमेंट का उत्पादन, सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन यूनिट्स और चिप असेंबली, पैकेजिंग एवं टेस्टिंग जैसे क्षेत्र शामिल हैं.



> **उद्योग की पूरी वैल्यू चेन को मिलेगा वित्तीय सहयोग**
> सेमीकॉन 2.0 के तहत सेमीकंडक्टर उद्योग के अलग-अलग वर्टिकल में वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी. इसमें चिप डिजाइन और फैब्रिकेशन के अलावा पैकेजिंग तथा सेमीकंडक्टर उद्योग से जुड़े अन्य क्षेत्र भी शामिल हैं. सरकार का फोकस सिर्फ मैन्युफैक्चरिंग क्षमता विकसित करने तक सीमित नहीं है. योजना के तहत सेमीकंडक्टर की पूरी वैल्यू चेन में घरेलू क्षमताओं को विकसित करने पर जोर दिया गया है. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार एक हाई लेवल एक्सपर्ट पैनल गठित करेगी.

यूपी-बिहार में भी अब जल्द दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

दिल्ली-मुंबई से छोटे शहरों तक ऐसे बदलेगा सफर

शहरों से जोड़ने बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर काम कर रहा रेलवे

नवभारत न्यूज

नई दिल्ली, 1 सितंबर. उत्तर प्रदेश और बिहार के यात्रियों के लिए हाई-स्पीड रेल नेटवर्क को लेकर बड़ी योजना सामने आई है. केंद्र सरकार दिल्ली को उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रमुख शहरों से जोड़ने वाले बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर काम कर रही है.

प्रस्तावित परियोजना के तहत दिल्ली से लखनऊ की यात्रा करीब दो घंटे और पटना तक का सफर लगभग 4.5 घंटे में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. प्रस्तावित हाई-स्पीड रेल मार्ग में आगरा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और पटना जैसे प्रमुख शहरों को शामिल करने की योजना है.

इससे राष्ट्रीय राजधानी और उत्तर भारत के इन महत्वपूर्ण केंद्रों के बीच यात्रा का समय काफी कम हो सकता है.बताए गए अनुमान के मुताबिक, दिल्ली से आगरा की करीब 200 किलोमीटर दूरी लगभग 58 मिनट में पूरी हो सकती है. वहीं करीब 455 किलोमीटर दूर कानपुर पहुंचने में लगभग 1 घंटे 50 मिनट का समय लगने का अनुमान है. दिल्ली से लखनऊ की करीब 495 किलोमीटर यात्रा लगभग 2 घंटे 12 मिनट में पूरी करने का लक्ष्य बताया गया है.इसी तरह प्रस्तावित नेटवर्क में दिल्ली से प्रयागराज तक करीब तीन घंटे और वाराणसी तक लगभग 3 घंटे 33 मिनट का समय लग सकता है.

> यह परियोजना देश में हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है. फिलहाल भारत में सेमी हाई-स्पीड ट्रेनों का संचालन हो रहा है, जबकि मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना देश की पहली वास्तविक बुलेट ट्रेन सेवा के रूप में विकसित की जा रही है.मुंबई-अहमदाबाद परियोजना की डिजाइन गति 350 किलोमीटर प्रति घंटे और परिचालन गति 320 किलोमीटर प्रति घंटे निर्धारित है.

भेल ने दिया 283.56 करोड़ का लाभांश

नई दिल्ली, 1 सितंबर। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत सरकार को 283.56 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश भुगतान किया है. सरकार की कंपनी में 58.17 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी है.

इसी हिस्सेदारी पर अंतिम लाभांश का चेक केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी को सौंपा गया. बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के. सदाशिव मूर्ति ने यह चेक केंद्रीय मंत्री को दिया. इस अवसर पर भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिज़वी भी मौजूद रहे. कंपनी के अनुसार 283.56 करोड़ रुपये की यह लाभांश राशि वित्त वर्ष 2024-25 में दिए गए लाभांश से ढाई गुने से भी अधिक है. बीएचईएल के निदेशक मंडल के सदस्य और भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी चेक सौंपे जाने के दौरान मौजूद रहे. वर्ष 2025-26 में बीएचईएल ने अपने सभी शेयरधारकों को कुल 487.49 करोड़ रुपये का लाभांश भुगतान किया है. इसमें भारत सरकार को उसकी 58.17 प्रतिशत हिस्सेदारी के आधार पर मिला 283.56 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश भी शामिल है.

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के मामले में सरकार को मिलने वाला लाभांश सरकारी राजस्व का एक हिस्सा बनता है. बीएचईएल के इस भुगतान से भी कंपनी और सरकार के बीच हिस्सेदारी से जुड़े वित्तीय संबंध सामने आते हैं. वित्त वर्ष 2025-26 का लाभांश भुगतान पिछले वर्ष के मुकाबले काफी अधिक रहा है. कुल 487.49 करोड़ रुपये के लाभांश में से सरकार को 283.56 करोड़ रुपये मिले हैं. यह भुगतान कंपनी के शेयरधारकों के लिए भी महत्वपूर्ण है.

कमर्शियल सिलेंडर हुआ 9.50 रु. महंगा

नवभारत न्यूज

मुंबई, 01 सितम्बर. अब 1 सितंबर से देश में कई चीजों के दाम बढ़ गए हैं. इनमें एलपीजी से लेकर एलएनजी, पीएनजी और दूध तक शामिल हैं. सरकारी ऑयल कंपनियों आईओसी, एचपीसीएल, बीपीसीएल ने 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत बढ़ा दी है. दिल्ली में इसके दाम में 9.50 रुपये की बढ़ोतरी की गई है. ऐसे में दिल्ली में अब कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 2747.50 रुपये, मुंबई में 2701 रुपये और चेन्नई में 2916.50 रुपये हो गई है. मुंबई में सीएनजी और पीएनजी की सप्लाई करने वाली कंपनी महानगर गैस लिमिटेड ने सीएनजी के दाम में 2 रुपये प्रति किलो और पीएनजी के दाम में 1 रुपया बढ़ा दिए हैं.

15 साल बाद टिम कुक ने छोड़ी एप्पल सीईओ की कुर्सी

- जॉन टर्नस को मिली कमान
- अब एग्जीक्यूटिव चेयरमैन होंगे कुक

कैलिफोर्निया, 1 सितंबर: एप्पल में लंबे समय बाद बड़ा नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। अगस्त 2011 में स्टीव जॉब्स के बाद कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बने टिम कुक ने 15 साल की जिम्मेदारी पूरी करने के बाद सीईओ पद छोड़ दिया.

अब वह एप्पल के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन के तौर पर काम करेंगे. उनकी जगह जॉन टर्नस ने कंपनी के नए सीईओ का पद संभाल लिया है.अपने कार्यकाल के अंतिम दिन कुक ने एप्पल कर्मचारियों को संदेश भेजकर उनका आभार जताया.

उन्होंने कहा कि वह कंपनी से दूर नहीं जा रहे हैं, बल्कि उस भूमिका से पीछे हट रहे हैं जिसे उन्होंने लंबे समय तक पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया. कुक ने यह भी कहा कि कर्मचारियों का नेतृत्व करना उन्हें याद आएगा, लेकिन टर्नस को जिम्मेदारी सौंपने को लेकर वह आश्वस्त हैं. कुक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भी अपने विदाई संदेश में एप्पल समुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया.

एविएशन फ्यूल की कीमतों में लगातार दूसरे महीने बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 01 सितम्बर. घरेलू एयरलाइंस के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत में लगातार दूसरे महीने 6.28 रु. प्रति लीटर यानी 5.46 प्रश की बढ़ोतरी की गई है. इसके साथ ही एटीएफ की कीमत 115 रु. से बढ़कर 121.28 रु. प्रति लीटर हो गई है. यह बढ़ोतरी जुलाई में की गई 5 रुपये प्रति लीटर की कटौती के बाद लगातार दूसरी वृद्धि है. जुलाई में एटीएफ की कीमत घटाकर 110 रुपये प्रति लीटर की गई थी, जिसे अगस्त में बढ़ाकर 115 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया था. नई बढ़ोतरी के बाद एटीएफ की कीमत



जुलाई के स्तर से 11.28 रुपये प्रति लीटर अधिक हो गई है. इस तरह जुलाई की कटौती के बाद कीमतों में फिर तेजी का रुख देखने को मिल रहा है. सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और एटीएफ की औसत कीमतों के आधार पर पेट्रोलियम उत्पादों की दरों की समीक्षा हर पखवाड़े करती है.

पार्ले बिस्किट ने जॉर्ज कोवूर को सीईओ नियुक्त किया

नवभारत न्यूज

नई दिल्ली, 01 सितम्बर. पार्ले-जी, मोनाको और मेलोडी बिस्किट बनाने वाली कंपनी पार्ले बिस्कुट ने मंगलवार को जॉर्ज कोवूर को 1 सितंबर, 2026 से अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की. कोवूर के पास पेप्सिको में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है, पारले बिस्किट के प्रबंध निदेशक अजय चौहान ने कहा, हम कोवूर का स्वागत करते हैं और पारले की मजबूत नींव पर आगे बढ़ने और उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं. उन्होंने आगे कहा कि कंपनी को विकास के अगले चरण में उनके नेतृत्व और योगदान की उम्मीद है.

शेयर बाजार में मिला-जुला कारोबार

सेंसेक्स-निफ्टी मामूली गिरावट के साथ हुए बंद

नवभारत न्यूज

नई दिल्ली, 1 सितम्बर. भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में करीब सपाट बंद हुआ. दिन के अंत में सेंसेक्स 12.99 अंक या 0.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,944.28 और निफ्टी 24.60 अंक या 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,055.80 पर था. सत्र के दौरान बाजार की तेजी को सहारा आईटी और एफएमसीजी स्टॉक्स ने दिया. सूचकांकों में निफ्टी आईटी

0.98 प्रतिशत और निफ्टी एफएमसीजी 0.94 प्रश की तेजी के साथ टॉप गेनर्स थे. निफ्टी ऑयल एंड गैस 0.35 प्रश, निफ्टी इन्फ्रा 0.33 प्रश, निफ्टी मीडिया 0.26 प्रश और निफ्टी कमोडिटीज 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. दूसरी तरफ निफ्टी हेल्थकेयर 1.60 प्रश, निफ्टी फार्मा 1.45 प्रश, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.40 प्रतिशत, निफ्टी ऑटो 1.22 प्रश और निफ्टी पीएसयू बैंक 1.21 प्रशकी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए. निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 890.25 अंक या 1.39 प्रश की गिरावट के साथ 63,334.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 45.40 अंक या 0.23 प्रश की कमजोरी के साथ 19,886.25 पर था.

शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेस -IV, गुरूग्राम -122015 (हरियाणा)
फोन: 0124-4212530/31/32, ईमेल : customercare@shubham.co, वेबसाईट - www.shubham.co

आधिपत्य सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)

जहां कहीं शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड (यहां आगे शुभम कहा जायेगा) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सिक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फायनेंसियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 एवं के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 3 के साथ सपठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित ऋणकर्ताओं को ऋण राशि को उपरोक्त सूचना की प्राप्ति के दिनांक से 60 दिवस के अंदर पुर्नभुगतान हेतु नोटिस जारी किया था।

ऋणकर्ता राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे हैं ऋणकर्ताओं को एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप से इस एतद सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त कानून के नियम 8 के साथ उपरोक्त कानून की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है। ऋणकर्ताओं को विषेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं इन संपत्तियों के साथ व्यवहार शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड के साथ नीचे दर्षाई राषि एवं उस पर ब्याज के विषयानुसार होगा।

ऋणकर्ता के ध्यानार्थ, धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध समयसीमा में सुरक्षित संपत्ति वापस प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। विवरण नीचे दिया गया है:-

क्र. स.	ऋण खाता क्र. ऋणकर्ता (ओं) का नाम	मांग सूचना दिनांक एवं मांग राशि	सुरक्षित संपत्ति	चस्पा की दिनांक
1	लोन नं. IDR_1310_012840, पवन यादव, संजना यादव	12-06-2026 एवं ₹ 3,55,778/-	प्लॉट संख्या 95 ए, शुभम नगर, ग्राम छोटा बांगरदा, तहसील एवं जिला इंदौर, मध्य प्रदेश-452001 में स्थित मकान/**क्षेत्रफल** - 750 वर्ग फुट/**चतुर्सीमा:** (पूर्व-सड़क, पश्चिम-मकान संख्या 83, उत्तर-प्लॉट संख्या 96, दक्षिण-मकान संख्या 95-बी)	29-08-2026

स्थान : गुरूग्राम
दिनांक: 01-09-2026

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

समाचार विशेष

केशव प्रसाद मौर्य के बयान से सियासी भूचाल!

लखनऊ, 1 सितंबर. उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में बस कुछ महीनों का वक्त बचा है. इससे पहले राज्या में सियासी लड़ाई तेज हो गई है. सभी पार्टियां एक.दूसरे पर वार.पलटवार कर रही हैं. इस बीच भाजपा में अंदरूनी खींचतान भी खुलकर सामने आती दिख रही है.

2017 में प्रचंड बहुमत के बाद सीएम पद की रेस में आगे दिख रहे केशव प्रसाद मौर्य को डिप्टी सीएम की कुर्सी से संतोष करना पड़ा था. इस बार चुनाव से पहले ही उन्होंने खुलकर मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा जाहिर कर दी है.

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हो सकता है कि अगली बार आप मुख्यमंत्री के रूप में देखें या फिर किसी और रूप में देखें. उन्होंने कहा कि यह तो पार्टी तय करेगी, मेरी महत्वाकांक्षा से ही कुछ तय नहीं होगा. उन्होंने खुलकर कहा कि मेरी भी महत्वाकांक्षा है कि मैं मुख्यमंत्री बनूं, लेकिन मेरे चाहने से नहीं होगा.

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मेरे पार्टी का नेतृत्व तय करेगा कि कौन क्या करेगा. उन्होंने फ़िलहाल 2027 में बहुमत से जीतने को अपना लश्क्ष्य बताया है. उन्होंने कहा कि इसके बाद विधायक दल तय करेगा और दिल्ली से आने वाले पर्यवेक्षक तय करेंगे कि कौन सीएम बनेगा.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह- उधारकर्ताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	39758824	संपत्ति के बदले ऋण	13-Aug-2026	2,29,900.21/-

उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम: 1. दीपक कुमार गुर्जर 2. साध्या बाई गुर्जर

संपत्ति का पता: वह पूरा बना हुआ मकान नंबर 54, जिसका कुल क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट है, जो सर्वे नंबर 234, वार्ड नंबर 05, पीएच नंबर 23, ग्रामः कसाई देहरिया, तहसील और जिलाः आगर, मध्य प्रदेश-465441 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः नानूराम का मकान, पश्चिमः मालिक की खुली जमीन, उत्तरः मालिक की खुली जमीन, दक्षिणः रामचंद्र का बाड़ा।

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
2	66105386	संपत्ति के बदले ऋण	13-Aug-2026	2,90,007.00/-

उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम: 1. नारायण सिंह सौंधिया 2. रेखा बाई सौंधिया

संपत्ति का पता: वह पूरा बना हुआ मकान नं.29, जिसका कुल क्षेत्रफल 4148 वर्ग फुट है, जो सर्वे नं.114, पीएच नंबर 14, ग्रामः पगरिया, वार्ड नंबर 12, ग्राम पंचायतः लोलकी, पोस्टः सेमलखेड़ी, तहसीलः नलखेड़ा, जिलाः आगर, म.प्र.- 465445 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः रास्ता, पश्चिमः अपनी जमीन और रास्ता, उत्तरः रतन सिंह का घर, दक्षिणः देवी सिंह का घर।

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
3	90841076	संपत्ति के बदले ऋण	13-Aug-2026	4,71,031.38/-

उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम: 1. जयनारायण यादव 2. कंचन बाई यादव

संपत्ति का पता: वह पूरा मकान नंबर 56, जिसका कुल क्षेत्रफल 1800 वर्ग फुट है, जो सर्वे नंबर 206, वार्ड नंबर 02, पीएच नंबर 50, ग्रामः गुराडिया सुसनेर, श्रीराम मंदिर के पास, ग्राम पंचायतः खेरिया सुसनेर, तहसीलः सुसनेर, जिलाः आगर मालवा, मध्य प्रदेश - 465447 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं:- पूर्वः कॉमन रोड और सरकारी जमीन, पश्चिमः बद्रीलाल / नाथू सिंह का मकान, उत्तरः संजय / हीरालाल का मकान, दक्षिणः जसवंत / शिवनारायण की जमीन।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध SARFAESI अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी

दिनांक: 02.09.2026
स्थान: मध्यप्रदेश

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

समाचार विशेष

जातिगत राजनीति में खड़ी है भाजपा

लखनऊ, 1 सितंबर. सीएम ब्रजेश पाठक ने आरक्षण विरोधी युवाओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मंच साझा किया. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मनुस्मृति के मुद्दे पर राहुल गांधी को घेरा. ऐसे में सवाल ये उठ रहे कि यूपी में चुनाव से पहले हो रही जातिगत राजनीति में बीजेपी कहां खड़ी है? क्या अब उसको अपने कोर वोटर सवर्णों की चिंता सता रही है? जातिगत संतुलन बनाने के लिए पार्टी की क्या रणनीति है? आरक्षण व्यवस्था के विरोध में शुरू हुई मुहिम को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासत तेज हो गई है. हर्ष दुबे और अजीत भारती के नेतृत्व में प्रदर्शन हुआ. हर्ष दुबे ने कुछ साथियों के साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इसके बाद अजीत भारती समेत युवाओं ने आरोप लगाया कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस दबाव में कराई गई. वहीं, राहुल गांधी ने पुणे में मनुस्मृति की मानसिकता और पुरुष प्रधान सोच की आलोचना की थी. इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी आलोचना करते हुए कहा कि राहुल को पहले देश की परंपरा और विरासत को समझना चाहिए.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, आठवीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई -600031। दूरभाषः +914445644000, फैक्सः+914445644022

परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) और 9 (1) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक के साथ पठित।

Online Property Survey

एतद्वारा आम जनता को और विशेष रूप से स्तंभ (iii) के अनुसार ऋणी (कों), सह-ऋणी (कों) और गारंटर (कों) को सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iv) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, और जिनका कब्जा पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, स्तंभ (i) के अनुसार ऋणी (कों) और सह-ऋणी (कों) से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात) को देय राशि की वसूली के लिए, जैसा कि नीचे वर्णित है, "जहाँ है जैसी है", "जो है जैसी है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेची जाएँगी। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

स. क्र.	(i) माँग सूचना राशि	(ii) अनुबंध आईडी	(iii) उधारकर्ता (ओं), सह-उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) का नाम	(iv) गिरवी संपत्ति का पता	(v) आरक्षित कीमत राशि	(vi) ईएमडी राशि	(vii) नीलामी की तिथि और समय	(viii) नीलामी की तिथि और समय अग्रिम जमा राशि	(ix) निरीक्षण की तिथि और समय	(x) अधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर
1	रू. 10953861.50/- माँग सूचना दिनांकः 20-जून-2019	3532154 और 3497015	स्पर्श स्कीन हेयर एण्ड लेजर क्लिनिक, शाह निगम, नेहल शाह और आशालता शाह	यह पूरी प्रॉपर्टी जिसमें शामिल हैः शॉप नंबर G-2, प्रभुवंदना अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 33-34, स्कीम नंबर 54, इंदौर, मध्यप्रदेश - 452001 पूर्वः प्लॉट नंबर 38 FG, पश्चिमः सड़क, उत्तरः फ्लैट नंबर 34 FG और दक्षिणः लॉबी	रूपये 6684346.80/-	रूपये 668434.68/-	22-सितंबर-2026 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक	21-सितंबर-2026 सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक	16-सितंबर-2026 सुबह 10:00 बजे शाम 4:00 बजे तक	नाम-हिमांशु कथराया संपर्क नंबर- 9977798875 नाम-हेमंतकुमार नाग संपर्क नंबर- 9922185777

संपत्ति के स्थान और संपत्ति की छवियों के QR कोड

अस्वीकरणः कृपया ध्यान दें कि उक्त सूचना केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी की गई है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल संपत्ति में मौजूद किसी भी चल संपत्ति की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

दिनांकः 02.09.2026
स्थानः मध्यप्रदेश

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)